भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या †2438**

उत्तर देने की तारीख 15 दिसंबर, 2025
24 अग्रहायण, 1947 (शक)

# 'खेल नहीं तो रोजगार नहीं' नीति

**†2438. श्री इमरान मसूदः**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार "खेल नहीं तो रोजगार नहीं" जैसी किसी प्रोत्साहन नीति पर विचार कर रही है ताकि खेलों को करियर विकल्प के रूप में मान्यता दी जा सके;

(ख) यदि हाँ, तो उक्त नीति में किन खेलों को प्राथमिकता दिए जाने की संभावना है;

(ग) क्या सरकार ने नौकरियों में आरक्षण या पदोन्नति के लिए खिलाड़ियों को वरीयता देने का कोई प्रस्ताव तैयार किया है;

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी प्रावधान क्या हैं; और

(ङ) क्या सरकार ने उक्त नीति के लिए कोई समयबद्ध कार्यान्वयन कार्यक्रम निर्धारित किया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**

**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) से (ड.): ऐसे कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं हैं। तथापि, केंद्र सरकार के कार्यालयों में खेल कोटा रिक्तियों में मेधावी खिलाड़ियों की भर्ती कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के दिनांक 3 अक्टूबर, 2013 (दिनांक 18.11.2022 और 04.03.2024 के का.ज्ञा. के तहत बाद में समेकित किया गया) के का.ज्ञा.सं. 14034/01/2013-ईएसटी (डी) के तहत जारी समेकित अनुदेशों के अनुसार की जाती है। ये अनुदेश https://doptcirculars.nic.in पर उपलब्ध हैं।

*****